-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.06.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया सैनिक सम्मेलन, पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुन किया गया उनका निस्तारण।**
- **सैनिक सम्मेलन के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन सभागार में राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ की गई मासिक अपराध समीक्षा बैठक। निरंतर पैदल गस्त करने तथा प्रभावी जनसुनवाई के दिए निर्देश।**
- **पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले, अवैध शस्त्रों का निर्माण व संग्रहण करने वाले, टॉप-टेन, इनामिया व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश।**

विवरण- आज दिनांक 25.06.2024 पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सैनिक सम्मेलन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। सैनिक सम्मेलन के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन सभागार में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि आने वाले त्यौहारों के दृष्टिगत भीड़भाड़ वाले स्थानों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाया जाए साथ ही इन स्थानों पर बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मियों को भी लगाया जाए तथा कुछ पुलिस बल सादे वस्त्रों में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण सील रहें। इसके साथ ही एंटी रोमियो स्क्वायड तथा मिशन शक्ति मोबाइल टीम लगातार ऐसे स्थलों पर भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि बनाए रखें। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि हिस्ट्रीशीटर, ईनामिया, टॉप टेन अपराधियों, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियों पर त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अपने-अपने कार्यालयों एवं थानों पर प्रभावी जनसुनवाई सुनिश्चित करें तथा आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुन उनका त्वरित निस्तारण किया जाये। अपराध की रोकथाम में पैदल गस्त की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होने निर्देशित किया किया सभी भीड़भाड़ वाले तथा संवेदनशील स्थानों पर नियमित पैदल गस्त करें साथ ही रात्रि गस्त पार्टी को भी प्रभावी तरीके से क्रियाशील करें।